तापमान
अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 28 मार्च 2025

11 जनसेवा के लिए कड़ा परिश्रम करें और ...



12 जिले में जल्द बनेगा नालंदा परिसर और ...





मो. 87700-12645, 94076-26176
आपकी अपनी विश्वसनीय दुकान
नगद खरीदें - सस्ता खरीदें
यूनिक इलेक्ट्रॉनिक्स & फर्नीचर
एल ई डी टी.वी. | फ्रिज | वाशिंग मशीन | कूलर | पंखा | दीवान (पलंग) | अलमारी | ड्रेसिंग | डायनिंग टेबल | सोफा सेट
हीरो शोरूम के सामने, चम्पारण चौक, नवापारा (राजिम)
क्वालिटी में कोई समझौता नहीं
सभी सामान एक छत के नीचे
एक ही छत के नीचे इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर सामान थोक रेट में उपलब्ध
दाम भी बजट के अनुरूप
घर पहुंच सेवा
T&C*

## खबर संक्षेप

### राजिम नहर पानी का प्रवाह आज किया जाएगा बंद

**छुरा।** जल संसाधन उप संभाग क्रमांक 2 पाण्डुका के द्वारा राजिम, फिंगेश्वर व पाण्डुका उप संभाग के अंतर्गत रवि फसल सिंचाई के लिए, प्रस्तावित क्षेत्र की तृतीय अपासी का कार्य होने के कारण व सिंचाई के लिए सिकासार जलाशय में पानी की उपलब्धता को देखते हुऐ फिंगेश्वर वितरक व राजिम नहर का 28 मार्च से पानी का प्रवाह बंद कर दिया जावेगा। सभी कृषक अपने खेतों मे पानी रोक कर रखे। भीषण गर्मी को देखते हुए पानी का सही उपयोग करें, जिससे अंतिम सिंचाई के लिए पानी दिया जा सके।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से महिला की मौत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किमी दूर राजापड़ाव गौरगांव मार्ग में ग्राम अड़गड़ी में एक महिला की मौत अज्ञात वाहन की ठोकर से हो गई जिसका पोस्टमार्डम गुरुवार को मैनपुर में किया गया और शव परिजनो को सौंप दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच किया जा रहा है। थाना से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम अड़गड़ी निवासी बिसाहिन बाई मरकाम को अज्ञात वाहन ने बुधवार रात लगभग 9 बजे के आसपास जबरदस्त ठोकर मारकर भाग गया घायल महिला को मैनपुर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच उपरांत मृत घोषित किया। गुरुवार सुबह मृतिका का पोस्टमार्डम कर शव परिजनो को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस द्वारा इस पूरे मामले में गंभीरता से जांच किया जा रहा है।

### मवेशियों से बाईक टकराई, युवक गंभीर

**मैनपुर।** मैनपुर झरियाबाहरा नगरी मार्ग पर गुरुवार को दोपहर 3 बजे के आसपास एक मोटर साइकिल में तीन लोग सवार होकर जा रहे थे और बासीन नाला के पास मवेशियो का झुंड जो सड़क में बैठा था वह अचानक उठकर दौड़ने लगा जिससे मोटर साइकिल मवेशियों से टकरा गया। इस घटना में एक युवक का पैर गंभीर रूप से मोच आया है। वहीं दूसरे युवक के हाथ में चोट लगी है जिन्हे इलाज के लिए तत्काल नगरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया और तीनों युवक बोरसी निवासी बताए जा रहे हैं।

### महुआ बिनती महिला पर कुत्ते ने किया हमला

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के ग्राम मारागांव में आज ग्रामीण अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ सुबह 6 बजे महुआ एकत्र कर रहा था कि एक पागल कुत्ता आकर महिला पर हमला कर दिया और महिला को कुत्ता ने काट दिया तत्काल आसपास के ग्रामीणों ने महिला को इलाज के लिए अस्पताल लाया।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बागबाहरा पुलिस ने ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर रास्ते पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया है। मामले में आरोपी पर बागबाहरा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम खदरही नवाडीह से बिहाझर की ओर जाने वाले कच्चे मार्ग स्थित मोड़ के पास में राजकुमार ठाकुर द्वारा अवैध रूप से शराब बिक्री करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस आरोपी राजकुमार ठाकुर पिता धनीराम ठाकुर (33 साल) ग्राम खदरही नवाडीह के कब्जे से, एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में 35 पाउच हाथ भट्ठी निर्मित देशी महुआ शराब कुल 06 लीटर, करीमत करीबन 3000 रुपए और बिक्री रकम 1510 रुपए जब्त किया गया।

हादसा : नवापारा पुल के पास हुआ हादसा, गुस्साए भीड़ ने कार में की तोड़-फोड़

# तेज रफ्तार कार दुकान में घुसी दबकर एक की मौत, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गुरुवार दोपहर 2:45 बजे तेज रफ्तार कार ने पुल के किनारे लगे कपड़ा दुकान में अनियंत्रित होकर घुस गई। कार के अनियंत्रित होकर घुसने के बाद अफरा-तफरी का माहोल निर्मित हो गया। इस दुर्घटना में हंसराज कंसारी उम्र 40 वर्ष की मौत हो गई वहीं चार लोग के घायल होने की खबर है। घायल में शिवम ठाकुर 18 वर्ष, नवाब खोखर 55 वर्ष, मेहबूब खोखर 45 वर्ष, मो शकील 45 वर्ष बताया गया है जिनका ईलाज अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने उक्त मारूति सुजुकी ब्रेजा कार जिसका नंबर सीजी 05 एजे 3716 को तत्काल क्रेन में उठाकर थाना ले जा रही थी कि पीछे से उग्र भीड़ पहुंची और क्रेन को वहीं रोककर नेशनल हाइवे 130 मेन रोड में कार में जमकर तोड़फोड़ करते हुए रोड डिवाइडर के बीच लगने वाले बिजली के खंभे ▶▶| शेष पेज 10 पर



### कार चालक ने थाना पहुंचकर किया सरेंडर

*जानकारी अनुसार घटना को अंजाम देने वाले कार चालक संतोष साहू कुंडेल निवासी मौके से भागकर थाना पहुंचकर अपने आपको सरेंडर किया। घटना के तत्काल बाद एसडीएम रवि सिंह, तहसीलदार सृजन सोनकर, नवापारा टीआई जितेंद्र असैया, राखी सीएसपी करण उके, अभनपुर टीआई अभिषेक चतुर्वेदी, राखी थाना के टीआई अजीत राजपूत घटना स्थल पहुंचे। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। खास बात यह है कि पुल के पहले गौशाला चौक के पास एक नहीं कइयो घटनाएं इस तरह की घट चुकी है। यह चौक एक संवेदनशील चौक के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है। चूंकि कि इसी चौक से पारागांव और इंदिरा मार्केट क्रासिंग भी है जो रायपुर-देवभोग नेशनल 130 हाइवे को जोड़ता है।*





### मौके पर पहुंची पुलिस, भीड़ को कराया शांत

घायल मेहबुब खोखर ने बताया कि तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर कपड़ा दुकानों की ओर बढ़ी जिससे कार की चपेट में हंसराज कंसारी उम्र 40 वर्ष आ गया। और वे कार के नीचे दब गए और इसी के साथ चार लोग घायल हो गए। कुछ देर बाद पुलिस पहुंची, भीड़ को शांत कराया और क्रेन बुलाकर कार को उठाकर थाना की ओर ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि घटना स्थल से कार को थाना ले जाया जा रहा था तो रास्ते में पहुंची भीड़ ने कार में तोड़फोड़ किया। खबर पाकर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू के प्रतिनिधि संजय साहू, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मुकुंद मेश्राम, नपा के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, संध्या राव, सहदेव कंसारी, नम्मु ठाकुर, हेमंत साहनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए थे।

# 9 दिन की हड़ताल में पंचायत सचिवों ने मानसगान की प्रस्तुती देकर रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

पंचायत सचिव संघ विकासखंड फिंगेश्वर के द्वारा 9वें दिन के हड़ताल में मानसगान की प्रस्तुती देते अपनी एक सूत्रीय मांग का प्रदर्शन किया हैं। संघ के अध्यक्ष का कहना है कि मोदी की गारंटी देकर हम लोगों के दिल को जितने वाले भाजपा की सरकार को हमारी चिंता नहीं हो रही है जिसके तहत हम अपनी मांगों को अनिश्चित कालीन हड़ताल करते हुए कर रहे हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को भी कम वेतनमान में आज तक करते आ रहें हैं। उनकी योजनाओं को गांव के दरवाजों तक ले जाकर अंतिम पंक्ति के लोगो के बीच पहुंच रहे है उसके बाद भी हमारी हालत जस की तस बनी हुई। शिक्षाकर्मी शिक्षक बन गए लेकिन हम वहीं के वहीं है। सरकार से विनती है कि तमाम योजनाओं को गांवों में संचालित कराने वाले हम सचिवों के प्रति संवेदनशील दिखाते हुए हमारी मांगों को पूरा करें। इस अवसर पर झम्मन पटेल, रेवाराम ढीढी, कोमलराम साहू, चेतन साहू, अजय ध्रुव, अशोक साहू सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव उपस्थित थे।

# माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति त्याग, परोपकार की अनुपम मिसाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

परसदा में भक्त माता कर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाते हुए साहू समाज द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ स्वजातीय बंधु एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा माता कर्मा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ एवं गुलाल लगाकर किया गया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित सरपंच रमेश कुमार वर्मा कहा कि साहू समाज एक विस्तृत समाज है। माता कर्मा का जीवन सेवा, भक्ति त्याग और परोपकार की अनुपम मिसाल है। वे भगवान श्रीकृष्ण की अनन्य भक्त थी। उन्होंने साहू समाज भवन में शौचालय एवं जल की कमी को देखते हुए जल्द ही शासन से मांग कर परिसर के अंदर नल एवं शौचालय निर्माण करवाने के लिए आश्वस्त किया। जनपद सदस्य चित्ररेखा ▶▶| शेष पेज 10 पर



### जनप्रतिनिधियों का श्रीफल भेंटकर किया सम्मान

पूरन लाल साहू सचिव ने कहा कि माता कर्मा त्याग, तपस्या एवं भक्ति की प्रतिमूर्ति थी। अतः सभी स्वजातीय बन्धुओ को माता कर्मा के द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। वहीं शाम को साहू समाज के लोगों ने अपने अपने घरों के सामने दीपक जलाकर सुख- समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए पूजा अर्चना की। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार हिरवानी संरक्षकने किया। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों को साहू समाज द्वारा गमछा स्कार्फ व श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार साहू, भारत साहू, पूरन लाल साहू, हेमंत साहू, जगदीश साहू, आशा राम साहू द्वारिका साहू, नरेन्द्र साहू, भुनेश्वर साहू, संतोष साहू, मणीलाल साहू, तेजेश साहू, कुसुम साहू, लुकेशलता, इंद्राणी साहू, प्रेमलाल खुटियारे, खूबी राम तारक, भारती तारक, भुनेश्वरी खिलवारे, कृष्णा महिलांग, रजनी महिलांग, संतराम बारले, वेदप्रकाश साहू, सूखेन साहू, ठाकुर राम साहू, विजय साहू, हरिश्चन्द्र साहू, डेरहाराम साहू, सीताराम साहू, दुलार साहू, जितेंद्र साहू, उमेश्वरी साहू, भूषण साहू, बलीराम साहू, लीला राम साहू, रिखीराम सहित समस्त स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

# पुलिस हिरासत में युवक से मारपीट का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

- आदिवासी समाज ने की जांच और कार्रवाई की मांग

जिले के देवभोग थाना पुलिस पर एक युवक के साथ मारपीट का गंभीर आरोप लगा है। आदिवासी समाज ने इस मामले में कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम लोकेश्वरी नेताम सहित अंचल के जनपद सदस्य और सरपंच के साथ आदिवासी समाज के अन्य लोग पुलिस अधीक्षक गरियाबंद को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की है। मामला ग्राम पंचायत चलनापदर के पोंड़पारा निवासी लालधर गोंड से जुड़ा है। आरोप है कि जनवरी माह में गुमशुदगी प्रकरण में पूछताछ के लिए पुलिस ने लालधर गोंड को हिरासत में लिया था, जहां पुलिसकर्मियों द्वारा उसके साथ मारपीट की गई, जिससे उसका पैर टूट गया। परिजनों का कहना है कि जब पुलिस पूछताछ के लिए उसे ले गई थी, तब वह पूरी तरह स्वस्थ था, लेकिन लौटने के बाद उसके पैर में गंभीर चोट थी।



### प्रदर्शन की चेतावनी

*आदिवासी समाज ने चेतावनी दी है कि यदि दोषियों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे न्याय की मांग को लेकर सड़कों पर उतरेंगे और प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का पुतला दहन कर प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करेंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन की होगी। इस मामले में अब तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।*

### परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

लालधर गोंड के परिजनों का कहना है कि पुलिस द्वारा उन्हें बयान बदलने के लिए धमकाया भी गया। पुलिस ने दबाव बनाया कि यह चोट गिरने से हुई है और इसी तरह का बयान देने के लिए कहा गया। इस घटना से आक्रोशित आदिवासी समाज ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। समाज ने यह मांग की है कि गुमशुदगी प्रकरण की जांच कर रहे अधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। घटना के दौरान ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी पर भी सख्त कार्रवाई हो। लालधर गोंड के मेडिकल परीक्षण (एमएलसी) की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। क्या जांच अधिकारी ने पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था, इसकी जानकारी दी जाए। यदि लालधर गोंड का नाम कॉल डिटेल या अन्य किसी गवाह के बयान में आया था, तो उसकी जानकारी दी जाए। एमएलसी रिपोर्ट को जिला मेडिकल बोर्ड से पुनः जांच करवाई जाए। पूरे मामले की जांच राजपत्रित अधिकारी से कराई जाए और दोषी पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।

नवनिर्वाचित नपाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय ने किया पदभार ग्रहण

# विकास कार्यों के लिए राशि की नहीं होगी कमी : नपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

- गंगाजल छिड़ककर पालिका के चौखट पर सिर झुकाकर किया प्रणाम

नगर पालिका परिषद नवापारा के नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू ने बुधवार को सुबह शुभ मुहूर्त में नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर गंगाजल छिड़ककर भगवान श्रीरामचंद्र जी व अपने ईष्ट देवी-देवताओं की आराधना पूजा अर्चना कर विधायक इंद्रकुमार साहू एवं सीएमओ प्रदीप मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा की मौजूदगी में अपने कक्ष में पहुंचकर पदभार ग्रहण किया। महिला अध्यक्ष ओमकुमारी ने इस अवसर पर पालिका के चौखट में सिर झुकाकर प्रणाम किया। पदभार ग्रहण करते ही उपस्थित कार्यकर्ताओं ने ताली बजाकर अध्यक्ष ओमकुमारी का स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में आगामी दिनों में विकास कार्यों के लिए किसी भी प्रकार की राशि की कमी नहीं होगी। आम जनता के अनुरूप विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में नगर के पत्रकारो एवं सभी प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति में बैठक लेकर विकास कार्यों से संबंधित विषयों पर रायशुमारी की जाएगी।





### शहर के विकास के लिए मिलकर करेंगे काम

पदभार ग्रहण करने के बाद सीएमओ प्रदीप मिश्रा ने नए अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू का बुके भेंटकर स्वागत किया। मौजूद लोगो के बीच अध्यक्ष ओमकुमारी ने कहा कि विधायक इंद्रकुमार साहू के आशीर्वाद से हम सब मिलकर शहर के विकास के लिए अच्छे काम करेंगे। जतना की मूलभूत आवश्यकताओं को प्राथमिकता में रखा जाएगा। पेयजल, सफाई और स्वच्छता अभियान में किसी भी प्रकार से कोताही नहीं की जाएगी। नागरिकों को किसी भी प्रकार से असुविधा नहीं होने दी जाएगी। कहा कि पालिका के पूरे टीम, उपाध्यक्ष एवं पार्षद साथियों के साथ मिलकर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे। अध्यक्ष ओमकुमारी के साथ ही प्रखर हिंदुवादी नेता पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने भी पूरे पालिका परिसर में गंगाजल छिड़ककर पूजा अर्चना कर पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,वरिष्ठ नेता प्रसन्न शर्मा, बाबी चावला, अशोक नागवानी, सौरभ चिंटू जैन, पार्षद निर्मला-धीरज साहू, सचिन सचदेव, लोमेश्वरी साहू, रवि साहू, पूजा कंसारी, जीना बाई निषाद, नम्मु ठाकुर, भारत सोनकर, जग्गू यादव, अभनपुर सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, अजीत चौधरी, मुकुंद मेश्राम, अनुज राजपूत, गुलाब राव, दिनेश सांखला, संजीव सोनी, सुमित सोनी, फेकनू साहू, मनीष चौधरी, धनमती साहू, पद्मिनी सोनी, योगिता सिन्हा, नीता धीवर, उमा कंसारी, किरण सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

# सौर लाइट लगाने के बाद विभाग मेंटनेंस पर नहीं दे रहा है ध्यान

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में क्रेडा विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर कई ग्रामों में सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाई गई है जो सरकार की काफी महत्वपूर्ण योजना है और इसका लाभ ग्रामीणों को जैसा मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है कारण सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट लगाने के बाद विभाग के अधिकारियों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण मेंटेनेश नहीं हो पा रहा है और जगह-जगह लगाए गए स्ट्रीट लाइट के बल्ब खराब हो गए हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में प्राथमिक शाला के सामने सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाया गया है लेकिन इसके सिर्फ दो बल्ब जल रहे है कई बार नगर के लोगों ने सौर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से मरम्मत की मांग कर चुके हैं लेकिन उनके कानों में जूं तक नहीं रेंगती इस ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है।



# उपार्जन केंद्रों में अभी भी 7.41 लाख मीट्रिक टन धान बाकी, सूखत बढ़ना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी समाप्त होने के करीब दो महीने पूरे होने के बाद भी अब तक राज्य के कई जिलों के उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन (उठाव) नहीं हो पाया है। 26 मार्च की स्थिति में राज्यभर में 7 लाख 41 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान जमा है।

जानकारों का कहना है कि खरीदी के दो महीने बाद से धान खुले में पड़ा है और धूप की वजह से धान सूखने से वजन कम होना तय है। दूसरी ओर मार्कफेड के अधिकारियों का कहना है कि धान उठाव तेजी से किया जा रहा है। जल्द सोसायटियों से पूरा धान उठा लिया जाएगा। राज्य में खरीफ वर्ष 2024-25 में कुल मिलाकर 149 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो गई है। धान बेचने वाले किसानों को धान की पूरी कीमत भी मिल चुकी है। लेकिन अब मामला धान खरीदने वाली सोसायटियों पर जा पंहुचा है। खरीदी बंद होने के करीब दो महीने बाद भी उपार्जन केंद्रों से धान का परिवहन नहीं हो पाने से सोसाटियों की यह परेशानी बढ़ी है कि तेज धूप और गरमी की वजह से धान में सूखत बढ़ जाएगी और इसकी जिम्मेदारी और घाटा सोसायटियों के हिस्से में आएगा।

- जांजगीर जिले में उठा है सोसाइटियों का पूरा धान
- बाकी सभी जिलों में मौजूद है अलग-अलग मात्रा



सभी जिलों में जमा है धान

### 33 जिलों की 2 हजार 739 उपार्जन केंद्रों ने खरीदी था धान

छत्तीसगढ़ में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए 2 हजार 739 उपार्जन केंद्र राज्य भर के 33 जिलों में बनाए गए थे। मौजूदा स्थिति में जिलों में धान उठाव की स्थिति देखी जाए तो केवल जांजगीर चांपा ही ऐसा जिला है जहां उपार्जन केंद्र में जमा धान की मात्रा शून्य है। बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान खाद्य विभाग और मार्कफेड के रिकार्ड में नजर आ रहा है। इनमें बस्तर संभाग के सभी जिले, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और सरगुजा संभाग के जिलों में धान की अलग-अलग मात्रा मौजूद है।

### नम धान खरीदी गया, उठाव होने तक सूखा

धान खरीदी के समय उस धान को खरीदा जाता है जिसमें नमी की मात्रा न्यूनतम 17 प्रतिशत होती है। खरीदी के बाद यह धान उपार्जन केंद्रों में पड़ा होने के कारण धूप में सूखता है, इसकी वजह से धान की मात्रा वजन में कम हो जाती है। जानकारों के मुताबिक सूखत से धान में एक प्रतिशत तक की कमी मान्य की जाती है। लेकिन सूखत का लाभ मार्कफेड को मिलता है। सोसाटियों में अगर एक प्रतिशत से अधिक धान सूखता है तो उन्हें सूखत के लिए जिम्मेदार माना जाता है। धान का स्टॉक जमा होने के संबंध में मार्कफेड के एमडी रमेश शर्मा ने कहा कि सोसायटियों से धान का उठाव तेजी से किया जा रहा है। जल्द ही पूरा धान उठवा लिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### लोककर्म विभाग अध्यक्ष ने ली बैठक

**रायपुर।** नगर निगम के लोककर्म विभाग अध्यक्ष दीपक जायसवाल ने बुधवार को गांधी सदन में विभाग के अभियंताओं की पहली परिचयात्क बैठक ली। इस मौके पर श्री जायसवाल ने निगम के विभिन्न विकास और निर्माण योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी लेकर विकास कार्यों की सतत मानिटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी अभियंताओं को निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखने प्रतिदिन साइट विजिट अनिवार्य रूप से करने की हिदायत दी। बैठक में अपर आयुक्त विनोद पांडे, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े सहित विभाग के सहायक अभियंता और उपअभियंता मौजूद रहे।

### दुकानों के बाहर निर्मित सेटबेक हटाये

**रायपुर।** जोन 5 अमले ने विप्र भवन परिसर के सामने नाली पर निर्मित 8 अवैध पाटों को तोड़ा, 4 दुकानों के बाहर निर्मित सेटबेक हटाये। सफाई में बाधक बन रहे अवैध पाटों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर नाली सफाई करवायी दुकानों के बाहर बनाये गये सेटबेक हटाकर दुकानदारों पर 30 हजार जुर्माना किया गया।

### देश का प्रकृति परीक्षण छत्तीसगढ़ पूरे देश में तीसरा

**रायपुर।** अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली के तत्वावधान में मुंबई में देश का प्रकृति परीक्षण अभियान के प्रथम चरण का समापन समारोह मनाया गया। केंद्रीय आयुष मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रतापराव जाधव के मुख्य आतिथ्य में मुंबई के जहांगीर भाभा थियेटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया था। अभियान के पहले चरण में स्ट्राइक रेट के लक्ष्य में छत्तीसगढ़ राज्य को पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर प्रशस्ति पत्र और ट्राफी से सम्मानित किया गया। यह सम्मान, अभियान के राज्य समन्वयक एवं छ.ग. आयुर्वेदिक, यूनानी एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने प्राप्त किया।

## सीबीआई छापे से राज्य में सियासत गरमाई

# सीबीआई छापे पर टीएस बोले- राजनीतिक द्वेष साव ने कहा- राजनीति के आधार पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑनलाइन बेटिंग केस में सीबीआई ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के भिलाई और रायपुर स्थित घर के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों के यहां जांच की कार्रवाई की। पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने सीबीआई छापे को राजनीतिक द्वेष की भावना से की जा रही कार्रवाई बताते हुए कहा, भाजपा ने लोकतंत्र का हनन किया है। कांग्रेस के आरोपों पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र एजेंसियां हैं और वे कभी भी राजनीति के आधार पर कार्रवाई नहीं करतीं। यह जांच का हिस्सा है।

बुधवार को तड़के सीबीआई छापे की जानकारी आने के बाद कांग्रेस नेताओं में खलबली मच गई। सीबीआई की टीम छत्तीसगढ़, भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर तलाशी लेने की बात कह रही है। इसमें राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में 14 जगहों पर कार्रवा ई की जा रही है। ईडी के बाद सीबीआई की जांच को लेकर कांग्रेस नेताओं ने सोशल मीडिया में अपनी प्रतिक्रिया दी है। कार्रवाई से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन भी किया।



महादेव सट्टा मामले में सीबीआई का सबसे बड़ा वार, रायपुर-भिलाई-भोपाल-कोलकाता-दिल्ली में जांच

पूर्व सीएम भूपेश, आधा दर्जन पुलिस अफसर कर्मी और करीबियों पर सीबीआई के छापे

### यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के चलते : सुशील

भूपेश बघेल के घर पर की गई सीबीआई की कार्रवाई पर कांग्रेस मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, यह कार्रवाई राजनीतिक प्रतिशोध के चलते की गई है

### अब सीबीआई आई है : भूपेश



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में कहा कि आगामी 8 और 9 अप्रैल को अहमदाबाद (गुजरात) में होने वाली एआईसीसी की बैठक के लिए गठित "ड्राफ्टिंग कमेटी" की मीटिंग के लिए आज दिल्ली जाने का कार्यक्रम है, उससे पूर्व ही सीबीआई रायपुर और भिलाई निवास पहुंच चुकी है।

### टीएस ने बताया राजनीतिक द्वेष

भूपेश बघेल के घर सीबीआई के छापे पर पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने इसे निंदनीय बताया। एक्स पर पोस्ट कर सिंहदेव ने लिखा,



ये केवल भूपेश की छवि को खराब करने की भाजपा की नाकाम कोशिश है। प्रदेश की भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को चलाने में असमर्थ साबित हो रही है, इसीलिए जनता से जुड़े मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए ऐसे प्रयास कर रही है। पहले ईडी फिर सीबीआई। जांच एजेंसियों को भाजपा की बी टीम बनकर काम करने से फुर्सत ही नहीं है। राजनीतिक द्वेष की भावना से की जा रही भाजपा की यह कार्रवाई लोकतंत्र का हनन है।

### नेता प्रतिपक्ष ने की थी सीबीआई जांच की मांग : शर्मा का बयान

छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने सीबीआई जांच पर अपनी प्रतिक्रिया दी है।



उन्होंने कहा, क्या विषय है और किस विषय पर कार्रवाई हो रही है, ये नहीं पता है। हां ये जरूर पता है कि सीबीआई कार्रवाई चल रही है। नेता प्रतिपक्ष ने खुद ही सीबीआई जांच की मांग की है। कांग्रेस के नेताओं ने खुद ही नेता प्रतिपक्ष के साथ सदन में कहा था कि कुछ विषयों पर सीबीआई जांच चाहिए। ये भी कहा था कि नहीं होने पर हम प्रधानमंत्री से भी मिलेंगे। हमने केंद्रीय एजेंसियों को विभिन्न विषयों पर जांच के लिए लिखा है।



### विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग- महंत

छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव के घर पर ईडी के बाद अब सीबीआई की रेड को भाजपा की द्वेषपूर्ण राजनीति का नतीजा बताया है। उन्होंने कहा, ईडी, सीबीआई, आईटी जैसी केंद्रीय एजेंसीयों का भाजपा सरकार लगातार विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग कर रही है।

### गलत नहीं तो जांच से डरने की आवश्कता नहीं : सिंहदेव



कांग्रेस के प्रदर्शन पर बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा, अगर व्यक्ति या पार्टी साफ है, तो डरने की जरूरत नहीं है। अगर किसी ने गलत नहीं किया है, तो छापे की कार्रवाई से डरने की कोई बात नहीं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि कई लोगों को सुप्रीम कोर्ट से जमानत तक नहीं मिल रही है, इसका कारण यह है कि वे मामले में स्पष्ट नहीं हैं। इसके विपरीत अगर आप सही हैं और आपने कुछ गलत नहीं किया है तो आपको इस तरह की जांच से डरने की आवश्यकता नहीं है। अगर किसी जांच में कुछ पाया जाता है तो उस पर उचित कार्रवाई होगी।

### सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं



तमाम असफल छापों और नाकाम साजिशों के बाद, अब भाजपा ने सीबीआई को भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव के पीछे लगा दिया। आज सुबह से ही सीबीआई हमारे दोनों नेताओं के घर पर जमी हुई है, लेकिन ये सत्ता की हताशा के सिवाय कुछ नहीं। याद रखो न कांग्रेस झुकेगी, न कांग्रेस रुकेगी, ये लड़ाई सिर्फ नेताओं की नहीं, हर उस सच्चाई की है, जिसे सत्ता के दम पर कुचलने की कोशिश हो रही है। भाजपा याद रखे, सत्य झुकता नहीं और अन्याय का अंत निश्चित है।

### मोदी की धमकियों से कांग्रेस डरने वाली नहीं : एआईसीसी

एआईसीसी की ओर से एक्स पर प्रतिक्रिया में कहा गया कि एक बार फिर सीबीआई को को काम पर लगाया गया है। अब पूर्व मुख्यमंत्री के घर सीबीआई भेज दी गई है। साफ है कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार विरोधियों को धमकाने के लिए सीबीआई, ईडी, आईटी का दुरुपयोग कर रही है, लेकिन मोदी की इन गीदड़ भभकियों से कांग्रेस डरने वाली नहीं है।

## सीबीआई छापे से मचा हड़कंप, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया जमकर हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर सीबीआई टीम के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापे की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। छापे की सूचना मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सुबह आठ बजे से पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के सामने पहुंचना शुरू हो गए।

- कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी निवास के सामने 11 घंटे से ज्यादा समय तक डटे रहे

हंगामा के बीच एक समय कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के अंदर घुसने में कामयाब हो गए, जिन्हें निकालने पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस टीम किसी तरह कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को भूपेश बघेल के आवास से निकालने में कामयाब हुई। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री के समर्थक भूपेश बघेल के आवास के पास पेड़ के नीचे धरने पर बैठ गए।

### स्थिति को देखते हुए पुलिस बल बुलाना पड़ा

कार्यकर्ताओं के हंगामा को देखते हुए मौके पर पुलिस का अतिरिक्त बल बुलाना पड़ गया। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों ने कार्यकर्ताओं को मौके से जाने समझाने की कोशिश की, लेकिन कार्यकर्ता अपनी जिद पर अड़े रहे। सीबीआई के अफसर जब तक पूर्व मुख्यमंत्री के आवास में डटे रहे, कार्यकर्ता गेट के सामने धरने पर बैठे रहे। इसके कारण सीबीआई के अफसरों को आवाजाही मेन गेट की जगह बगल के दूसरी गेट से करनी पड़ी।

### बैग की जांच पर अड़े कार्यकर्ता

सीबीआई की एक टीम अपने साथ बैग में कुछ दस्तावेज साथ लेकर पूर्व मुख्यमंत्री के सरकारी आवास पहुंची, जिसे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने देख लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को झूठे प्रकरण में फंसाने सीबीआई पर कूटरचित दस्तावेज लाने का आरोप लगाते हुए सीबीआई टीम को अंदर जाने से रोकने की कोशिश की। साथ ही कांग्रेस नेता मीडिया के सामने दस्तावेजों की पड़ताल करने की मांग करने लगे। इस दौरान भी पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

## पेज 9 के शेष

### तेज रफ्तार कार...

को सड़क के दोनों साइड लंबी बिछाकर चक्का जाम भी किया और यह चक्का जाम लगभग 1 घंटे से ऊपर तक जारी रहा। तब तक दोनों साइड दर्जनों गाड़ियां खड़ी रही। परंतु मरीज लेकर आने- जाने वाले एंबुलेंस वाहन को भीड़ ने समझदारी दिखाते हुए जाने दिया।

### माता कर्मा का...

तारक ने कहा कि माता कर्मा के आशीर्वाद हम सभी के ऊपर हमेशा बनी रहे। हमें आपस में भाईचारे एवं सहयोग की भावना के साथ कार्य करना चाहिए। राजेश साहू अध्यक्ष साहू समाज परसदा ने कहा कि एकता में बड़ी ताकत है। ऐसे मौके पर सामूहिक एकजुटता बहुत जरुरी है।





# ग्राम देवगांव में इंन्द्रजीत ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जिला पंचायत सदस्य इंन्द्रजीत महाडिक पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्राम पंचायत चरभट्ठी गांव के आश्रित ग्राम देवगांव की लोगों का समस्या सुनने के लिए 24 मार्च गांव पहुंचे। गांव के भीष्म नागरची, आसाराम साहू, प्रकाश साहू, धनेश धुर्वे, माखन साहू, सोमन साहू, ईश्वर साहू,घनश्याम धुर्वे उदय साहू ,जीतेन्द्र साहू मूलचंद धुर्वेग्राम प्रमुख, युवाओं, महिलाओं लोगों से मिलें और उनकी पेयजल समस्या के बारे में विस्तार से जानकारी लें। उन्होंने पेयजल की समस्या के कारणों का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग गरियाबंद से जानकारी लेने की कोशिश कि। पानी के स्त्रोत का सूख जाना, पानी की पाइपलाइन में आधा-अधूरा कार्य ,मरम्मत, पानी टंकी की अधूरा निर्माण या अन्य कारणों की जानकारी ली और कार्य को समय सीमा पर पूर्ण करने को कहा गया।

समस्या के समाधान के लिए विभाग के अधिकारी से समस्या की समाधान के विकल्पों पर चर्चा किया। इंद्रजीत महाडिक ने ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक रहने और उन्हें जल बचाने के लिए प्रेरित किया। पानी की बर्बादी को रोकने के लिए लोगों को जागरूक संदेश दिया।

## परीक्षा परिणाम घोषित 8वीं में पूर्वी प्रथम



**मैनपुर।** मैनपुर से महज 4 किलो मीटर की दूरी पर स्थित क्षेत्र का एकमात्र सीबीएसई स्कूल डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल देहारगुड़ा में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीसरी से कक्षा आठवीं तक वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा तीसरी में प्रथम वेदांशी पटेल, द्वितीय लोकास्था साहू, तृतीय दीक्षा साहू, कक्षा चौथी में प्रथम अभिमन्यु मारकंडेय, द्वितीय आकाश ठाकुर, तृतीय लक्ष्य साहू, पांचवी में प्रथम यशराज नवरत्न, द्वितीय मीनाक्षी नेताम, तृतीय मायरा किरमे, कक्षा छठवीं में प्रथम शाश्वत पांडे, द्वितीय नवाज मेमन, तृतीय ऋषभ ठाकुर, कक्षा सातवीं में प्रथम अनव देवांगन, द्वितीय आस्था सिंह, तृतीय लक्ष्य कुशवाहा, कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान पूर्वी ठाकुर, द्वितीय स्थान तृप्ति ठाकुर और तृतीय स्थान जयप्रकाश चतुर्वेदी ने प्राप्त किया स इस अवसर पर विद्यालय में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र -छात्राओं का भी संस्था प्रमुख सुश्री वेनुका साहु के द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से अजय नागेश, राकेश साहू, परम ज्योति भोई, संदीप साहू, उत्तम साहू, धनेन्द्र साहू, थलेन्द्र कश्यप, ज्योति कश्यप , रमेश यदु, धनंजय सिन्हा, लेखराज साहू, देविका नेताम, लक्ष्मी बघेल, शैलेश्वर कुलदीप, शैलेश यादव, पालक एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

# दादी ने अपना जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया:अंशु दीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

अंतराष्ट्रीय आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की रसेला स्थित ब्रह्माकुमारीज़ गीता पाठशाला में ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी जानकी जी एवं सैयुक्त मुख्य प्र शा सि का दादी हृदय मोहनी (दादी गुलजार)का पांचवी पुण्य स्मृति दिवस गुरुवार को ज्ञान व दिव्यता दिवस के रूप में मनाया गया। ब्रह्माकुमारीज़ गीता पाठशाला की संचालिका ब्रह्माकुमारी लेखनी बहन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आत्म स्मृति की तिलक दे,बैच एवं पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत एवं सम्मान किया। बसस्टेंड खेल मैदान स्थित प्र जा पि ता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के गीता पाठ शाला में सेवा केंद्र खड़मा से पहुचे राजयोगिनी बीके अंशु दीदी ने कहा कि दादी जी ने अपना संपूर्ण जीवन मानवता की सेवा में समर्पित कर दिया। 40 वर्षों तक लंदन में रहकर विदेश सेवा के निमित्त बनीं। टैक्सास यूनिवर्सिटी द्वारा मोस्ट स्टेबल माइंड इन द वर्ल्ड का सम्मान दिया गया। दादी जी के सम्मान में भारत सरकार ने डाक टिकट जारी किया।उन्होंने अन्न की शुद्धता पर जोर देते हुए ब्रह्माभोजन का महत्व बताई।

- ब्रह्माकुमारीज की दादी जानकी एवं दादी हृदयमोहनी की पुण्य तिथि में सम्मानित किए गए नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधि



### नवनिर्वाचित सरपंचों व पंच का हुआ सम्मान

ब्रह्माकुमारीज़ गीता पाठशाला की संचालिका ब्रह्माकुमारी लेखनी दीदी,व सरोज बहन ने नवनिर्वाचित पंच, सरपंच,व जनपद सदस्यों का शाल, श्रीफल, ईश्वरीय सौगात भेटकर सम्मानित किए। ग्राम पंचायत रसेला के उपसरपंच परमेश्वर यदु ने ब्रह्माकुमारी दीदियों के विचारों की सराहना करते हुए, गांव को एक परिवार के रूप में जोड़कर चलना और छोटे,बड़ो की आदर,सत्कार से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम पटेल लोकराम यादव, जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, रूवाड सरपंच कृष्णा विजय नागेश, ग्राम प्रमुख अलाल नागेश, सेवानिवृत्त शिक्षक दयाराम नागेश, मलेवा अंचल भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जायसवाल, प्राचार्य शिशुपाल कुर्रे, कमलेश्वर नायक, कंस राम ठाकुर, पुरोहित यादव,कृष्णा चक्रधारी, भुवेन्द्र मरकाम, रामेश्वर सिन्हा, टेसराम नायक, राम यादव ,अगहन सिह ठाकुर देवकी यदु,लक्ष्मी यदु ,पूर्णिमा यदु,इन्द्राणी यदु, सहित,छुरा, कोपरा,गरियाबंद,खड़मा, नवापारा राजिम, ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्रों से ब्रह्मावत्सो सहित ग्रामवासी ,माताएं, बहनें बड़ी संख्या उपस्थित रहे।



### साक्षात्कार मूर्त थी दादीयां

गरियाबन्द से पधारी ब्रह्माकुमारी बिंदु दीदी ने कहा कि इस धरा पर ईश्वरीय ज्ञान को सर्व मनुष्यात्माओं तक पहुंचाने के निमित्त दादीयो का जीवन अलौकिक, दिव्य, शक्ति संपन्न और महान तपस्विनी थी। 9 वर्ष की अल्पायु में ही प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के साकार संस्थापक ब्रह्मा बाबा के अलौकिक जीवन से प्रेरित होकर दादीयो ने संपूर्ण जीवन विश्व परिवर्तन के कार्य के लिए समर्पित कर दिया। दादी जानकी बाल्यकाल से ही दिव्यता, सरलता, सत्यता, पवित्रता और शांति की साक्षात्कार मूर्ति थी।

### शांति और सद्भावना के साथ जीवन जीने की कला सिखाई दादी

दादी जी ने अपने जीवन काल में 100 से भी अधिक देशों में जाकर मनुष्य को शांति और सद्भावना के साथ जीवन जीने की कला सिखाई , जिसके लिए उन्हें अनेक उपाधियों एवं पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। उन्होंने सभी ब्रह्मा वत्सों को नई-नई शिक्षाएं दीं। वह नम्रता, मधुरता, सहनशीलता, गंभीरता, दिव्यता और पवित्रता जैसे गुणों की धनी थीं। कार्यक्रम को छुरा सेवाकेंद्र की संचालिका राजयोगिनी गायत्री दीदी, नावापरा( राजिम) की ब्रह्माकुमारी प्रिया बहन ने भी संबोधित किया।

# जंगलों में महुआ फूल एकत्र करने पहुंच रहे ग्रामीण

**मैनपुर।** इन दिनों वनांचल के गांवों में पीला सोना कहे जाने वाले महुआ फूल टपक रहा है ग्रामीण सुबह से ही महुआ फूल का संग्रहण करने खेतों और जंगलों का रुख कर रहे हैं जंगल के चारों ओर महुआ फूल की मादक खुश्बु बिखर रही है, जिससे राहगीर भी आकर्षित हो रहे है महुआ फूल समेटने के लिए ग्रामीण पूरे परिवार के साथ सुबह से ही जंगलों व खेतों की ओर चले जाते हैं। इस दौरान सुरक्षा के लिए हाथ में लाठी व महुआ फूल रखने के लिए टोकरी साथ लेकर जाते हैं। सूर्य के चढ़ते ही पेड़ से फूल गिरना बढ़ जाता है। महुआ के फूलों की मदमस्त कर देने वाली खुशबू ग्रामीण परिवेश के जीवन में बहार लेकर आई है। वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण परिवार के लिए महुआ आज भी जीवन का आधार है। ग्रामीण सुबेराम यादव, जगमोहन ठाकुर, बिसाहिन बाई, पुरन सिंह, रमेश नेताम, कुंती बाई, शकुंतला, कैलाश मरकाम, रामशरण





ने बताया महुआ के अलावा भी लगभग एक महीने बाद इसी पेड़ से डोरी प्राप्त करते हैं जिसे ग्रामीण बेच कर स्कूली बच्चों की पढ़ाई व कृषि जैसे जरूरी काम में आने वाले खर्च को आसानी से पूरा करते हैं, गांव के लोग इस दोहरी फसल देने वाले प्रति पेड़ से 4 से 8 हजार रुपए तक की कमाई कर लेते हैं, अनेक ग्रामीणों के खेतों में दर्जनों पेड़ होते हैं वहीं जंगल के पेड़ों से मजदूर वर्ग के लोग इसका लाभ हासिल करते है।

### सुबह 5 बजे जंगल की तरफ जा रहे हैं ग्रामीण

गर्मी के इस मौसम में जंगल महुआ के फूलों की मादक खुशबु से महक रहा है मैनपुर क्षेत्र ग्रामीण रोजना सुबह 5 बजे से महुआ बीनने के लिये जंगल की ओर निकल जाते हैं। वन क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए महुआ का सीजन किसी उत्सव से कम नहीं होता है। सुबह के समय यहां शीतल हवाओं व सफेद रस भरे महुआ फूलों की महक से वातावरण में मादकता इस कदर घुल जाती है कि गहरी सांस लेने भर से मन प्रफुल्लित और मदहोश हो जाता है। मैनपुर, कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, राजापड़ाव, गौरगांव, धवलपुर, सिकासार, अमलीपदर, गोहरापदर, इंदागांव, कोयबा जंगल में महुआ वृक्षों की भरमार है। महुआ के अलावा भी यहां के जंगल में हर्र, बहेरा, आंवला, चिरौंजी का प्रचुर मात्र में उत्पादन होता है। गर्मी का यह मौसम मार्च से लेकर मई तक ग्रामीणों के लिये बहुत अहम होता है, क्योंकि इसी सीजन में महुआ के वृक्षों से फूल टपकते हैं। इन महुआ के फूलों को एकत्र कर सुखाते हैं, जिससे उन्हें इतनी आय हो जाती है कि पूरे वर्ष भर उनका गुजारा हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### राजयोगिनी दादी जानकी की 5वीं पुण्यस्मृति मनाई



**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की पूर्व मुख्य प्रशस्तिका राजयोगिनी दादी जानकी की 5वीं पुण्यस्मृति दिवस स्थानीय सेवा केंद्र उपकार भवन नयापारा वार्ड में मनाया गया। ब्रम्हा कुमारियों और पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर पुष्पांजलि और श्रद्धांजलि अर्पित किए। आज विशेष दादी के नाम शिव पिता को भोग स्विकार कराया गया। सभी ने आज के दिन एक अवगुण छोड़ने और सदगुण धारण करने की प्रतिज्ञा ली। सेवा केंद्र संचालिका ब्रम्हा कुमारी प्रीति दीदी ने कहा कि पूरा विश्व आज के दिवस को वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में भी मनाता है। दादी इस संस्थान की बहुत ही मिलनसार और कुशल नेतृत्व करने वाले सेनानी थी, उन्हें विश्व की सबसे स्थिर चित्त महिला का खिताब प्राप्त था। उनका जन्म 1916 को सिंध प्रांत में हुआ। बचपन से ही आध्यात्मिकता में रुचि रखने वाली दादी परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण का संदेश पूरे विश्व को दिया।

### महांती समाज का होली मिलन कार्यक्रम हुआ

**महासमुंद।** छग करण महांती समाज, मां तारिणी महिला मंच एवं युवा मंच ने जगन्नाथ भवन में होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। इस औसर पर सभी पारिवारिक सदस्यों ने मिल जुलकर गुलाल लगाकर, नाचते गाते होली का मजा लिया। समाज के अध्यक्ष मनोहर महांती एवं महिला समाज की अध्यक्ष इंदिरा महांती अपने उद्बोधन में होली एवं भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। इस अवसर पर यहां आई महांती महिला समाज की महिलाओं ने पिथौरा में 1 अप्रैल को आयोजित उत्कल दिवस में पधारने का न्योता दिया। होली मिलन कार्यक्रम में उपस्थित होकर उन्होंने भी होली मिलन का आनंद लिया। पिथौरा से अर्चना महांती, इंदिरा महांती, मीनू महांती, लोकमुडा महांती, रिंकी महांती, अनिता महांती, रवि महांती आदि मौजूद रहे।

**समारोह :** भाजपा ने नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह में पूर्व सांसद हुए शामिल

# जनसेवा के लिए कड़ा परिश्रम करें और विकास कार्यों में बनाएं पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय गरियाबंद में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें सभी निकाय और जनपद के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, भाजपा समर्थित जनपद और जिला पंचायत के सदस्य तथा वॉर्ड पार्षदो को शाल श्रीफल भेंटकर कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों को अपने-अपने क्षेत्र के विकास के साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने का आव्हान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू, राजिम विधायक रोहित साहू, जिला संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. श्वेता शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश साहू और राम कुमार साहू मौजूद रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदूलाल साहू ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने उत्कृष्ट कार्य, कड़े परिश्रम और क्षेत्र के विकास से पहचान बनाएं। पंच से पार्लियामेंट तक भाजपा के लोग हैं। यह काम करने का स्वर्णिम समय है। जनप्रतिनिधि होने के नाते सभी सरकारी योजनाओं की जानकारी रखें और जनता को लाभान्वित करें। जनता की समस्या सुने और उसे दूर करें।



### क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के के लिए समर्पित होकर काम करें

राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के कारण जिले में भाजपा की अभूतपूर्व जीत हुई है। अभूतपूर्व जीत के बाद हमारी जिम्मेदारी भी बढ़ गई है। क्षेत्र का सर्वांगीण विकास के समर्पित होकर काम करें। उन्होंने समझाइश भी दी कि चुनाव के बाद भी जनता से जुड़ाव बनाए रखें। विनम्र व्यवहार करें। आपके व्यवहार में किसी तरह का परिवर्तन नहीं आना चाहिए। इस दौरान संगठन प्रभारी लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर इनका सही क्रियान्वयन हो रहा है या नहीं? यह परखना और जरूरतमंदों को लाभ दिलाना हमारी जिम्मेदारी है। आम जनता के लिए क्या बेहतर कर सकते हैं, इस पर काम करना होगा। प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक जीत मिली है। यह कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का परिणाम है। जनता ने ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है।

### जिले में भाजपा ने किया जबरदस्त प्रदर्शन

इसके पहले जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिले में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया है। जिले की 6 में से 4 निकायों में भाजपा की सरकार बनी है। जिला पंचायत गरियाबंद सहित सभी पांच जनपदों में भाजपा समर्थित अध्यक्ष बने हैं। अधिकांश में उपाध्यक्ष भी भाजपा के हैं। इसका श्रेय वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को दिया। सभी नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा ने किया। प्रमुख रूप से बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, कुंजबिहारी बेहरा, मिलेश्वरी साहू सहित सभी जिला पदाधिकारी, सभी मंडल अध्यक्ष, राजिम, छुरा, कोपरा, गरियाबंद निकाय के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष-उपाध्यक्ष, सभी जनपद सदस्य, सभी जिला पंचायत सदस्य, सभी निकाय के पार्षद सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## आईबी संवर्ग के शिक्षकों को लाभ प्रदान करने बनाई रणनीति

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई महासमुंद की महत्वपूर्ण बैठक काव्यांश भवन में आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने की। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श, प्रदेश विधिक सलाहकार बीपी मेश्राम, प्रदेश सलाहकार प्रदीप पटेल, जिला अध्यक्ष दिनेश नायक, जिला सचिव दुर्वासा गोस्वामी मौजूद थे। बैठक में सोना साहू को सुप्रीम कोर्ट द्वारा मिले न्याय के तहत समस्त आईबी संवर्ग के शिक्षकों को लाभ प्रदान करने के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए राज्य सरकार तत्काल सोना साहू को बकाया राशि का भुगतान करें। साथ ही इस प्रकार की पात्रता रखने वाले समस्त शिक्षकों को लाभ प्रदान करने हेतु जर्नल आदेश जारी करें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सिराज बक्श ने कहा कि सोना साहू के साथ सुप्रीम कोर्ट ने न्याय किया है, अब राज्य सरकार को अविलंब न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए प्रदेश के शिक्षकों के साथ न्याय करना चाहिए। जिला अध्यक्ष दिनेश नायक ने कहा कि हम सभी को कोर्ट जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष बाबूलाल ध्रुव ने कहा कि फेडरेशन ने बहन सोना साहू की कानूनी लड़ाई में शमिल होकर उनको न्याय दिलाने का कार्य किया है। सोना साहू की जीत प्रदेश के हजारों शिक्षकों की जीत है।

## तीर्थयात्री तिरुपति व मदुरई के लिए रवाना...



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के तहत नगर पालिका परिषद नवापारा से तिरुपति बालाजी, मदुरई रामेश्वर के लिए रवाना हुए। जिसमें रतनलाल साहू, सूरज ट्रेलर ,बसंत देवांगन ,परदेसी राम साहू ,पुरन सेन ,गिरवर देवदास ,घनश्याम साहू, चंद्रिका साहू, सालिक साहू, सोहन राजपूत, ओमप्रकाश साहू, मन्नू साहू, जीवन लाल साहू, सुरेश साहू, गंगाबाई साहू, रोहिणी बाई, देवासीर, फिरंतीन साहू, मालती साहू , गीता राजपूत, मोंगरा साहू, सीमा साहू, तिजीया साहू, शांति बाई, पुष्पा सेन, किरण सोनी, दुलारी साहू शामिल है।

## वीर शहीद बलराम सिंह ध्रुव का मनाया शहादत दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवापारा-भेण्डरी





भेण्डरी में वीर शहीद बलराम सिंह धुव्र का शहीद दिवस मनाया गया। वे 26 मार्च सन 2003 में जम्मू-कश्मीर के डोडा जिला आतंकवादी से लड़ते लड़ते वीरगति को प्राप्त हुआ था। मरणोपरांत वीर शहीद सेना मेडल वीरता से अलंकृत किया गया। जिसकी बलिदान शहादत दिवस ग्राम पंचायत के बलराम सिंह धुव्र शहीद स्मारक के प्रतिमा में जिला सेना कल्याण अधिकारी रायपुर परिवारजन, जनप्रतिनिधियो ने माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कैप्टन अनिल शर्मा सैनिक कल्याण अधिकारी रायपुर, सेवा निवृत्त, राजेश तिवारी अधीक्षक जिला सेना कल्याण रायपुर, सीपीओकेबी राम हवलदार सुरेन्द्र कुमार द्वारा शहीद की मां माया धुव्र का शॉल श्रीफल से सम्मानित किया। इन अधिकारियों का शहीद के भाई प्रहलाद धुव्र, हुलसी धुव्र ने सम्मान किया। कार्यक्रम में चौकी प्रभारी अजय सिंह, सरपंच राजेश्वरी पटेल, जनपद सदस्य विनीता साहू, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, सुरेश साहू, सोसायटी अध्यक्ष हेमंत साहू, डॉ. चुम्मन साहू, उपसरपंच राधे पटेल, हेमंत ऊके आदि मौजूद थे।

## आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता : एसडीओपी पाटले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर




क्षेत्र में इन दिनों बढ़ती सड़क दुर्घटनाओ को रोकने पुलिस प्रशासन अब एक्शन मोड़ पर आ गई है और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले स्वयं सड़क में उतर कर लोगो से अपील करते नजर आ रहे है साथ ही यातायात नियमो के उलंघन करने पर सख्त कार्यवाही भी प्रारंभ कर दिया गया है। एक पखवाड़े के भीतर शराब पीकर वाहन चलाने वाले और नबालिक बच्चो के वाहन चलाने के साथ ही मालवाहक वाहनो में सवारी ढोने वाले 25 मामलों पर कार्यवाही की गई है और यह कार्यवाही लगातार जारी रहेगी पिछले दिनों थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया था। इस दौरान क्षेत्र के गणमान्य एवं वरिष्ठ नागरिको सहित जनप्रतिनिधियो ने बढ़ती सड़क दुर्घटना पर चिंता जाहिर करते हुए एसडीओपी पुलिस मैनपुर से कार्यवाही की मांग किया गया था इस दौरान वरिष्ठ नागरिको ने बताया कि नबालिक बच्चो के द्वारा फर्राटेदार मोटर साइकिल चलाने के कारण दुर्घटना बढ़ रही है। कई वाहन चालक मौत के शिकार भी हो चुके है। लोगों ने मालवाहक वाहनों पर सवारी ढोने पर भी कार्यवाही की मांग किया था इसके बाद मैनपुर एसडीओपी ने लोगों की मांगो को गंभीरता से लेते हुए मैनपुर, धवलपुर, इंदागांव, शोभा, अमलीपदर, देवभोग में शराब पीकर वाहन चलाने वालो पर कार्यवाही का निर्देश दिया। पुलिस प्रशासन अब उन वाहनों पर विशेष ध्यान दे रहा है जो पिकअप ट्रेक्टर जैसी खुली गाड़ियों में यात्रियों को बैठाकर ढोते हैं। इन वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। नशे में वाहन चलाने, बिना लायसेंस ड्राइविंग करने, तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाने वालो के खिलाफ चलानी कार्यवाही शुरू कर दी गई। एसडीओपी श्री पाटले ने कहा जनता की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है।



## तीन शिक्षक शिक्षा दूत पुरस्कार से विधायक के हाथों सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

मुख्यमंत्री गौरव अंलकरण योजना अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले मैनपुर विकासखण्ड के दो प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पेण्ड्रा डोमार पटेल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तुहामेटा देवलाल बरिहा को पुरस्कृत किया गया तो वही शिक्षा दूत पुरस्कार मैनपुर के 03 सहायक शिक्षक एल बी को प्रदान किया गया जिसमें संतोष पटेल स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय मैनपुर,नीरा ध्रुव, शासकीय प्राथमिक शाला मैनपुर, नीलाधर प्रधान शासकीय प्राथमिक शाला डंगियापारा को शिक्षा दूत पुरस्कार से राजिम विधायक रोहित साहू ने प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी ए के सारस्वत एवं विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## देवी मंदिरो में रंग रोगन व सजावट का कार्य जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

- 30 मार्च से नवरात्र प्रारंभ, पैरी उद्गम स्थल भाठीगढ़ में पहुंचेंगे प्रदेश भर से श्रद्धालु

आगामी 30 मार्च से नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है नवरात्रि पर्व के चलते बाजार में रौनक आने लगी है वहीं क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उद्गम में नवरात्र के अवसर पर प्रदेश भर से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचेंगे। नवरात्र पर्व के चलते मैनपुर क्षेत्र के सभी देवी मंदिरों में इन दिनों तैयारियां जोर शोर से जारी है, मंदिरों का रंग रोंगन और सजावट का कार्य किया जा रहा है, वन परिसर स्थित मैनपुर के मां दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित योगेश शर्मा ने बताया 30 मार्च को नया विक्रम संवत 2082 के प्रारंभ होने के साथ ही हिन्दु नववर्श के प्रथम दिवस घट स्थापना मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये जायेंगे व जवारे बोये जायेंगे। 02 अप्रैल 2025 दिन बुधवार को श्रीपंचमी पर वि"श श्रृंगार किया जायेगा एवं श्रीदुर्गा अष्टमी महाअष्टमी पर हवन पुजन पुर्णाहुती का कार्यक्रम, 05 अप्रैल दिन शनिवार को होगा, 06 अप्रैल दिन रविवार को रामनवमीं महानवमीं पर जवारा विसर्जन एवं कन्या पूजन का आयोजन। वहीं दूसरी ओर मैनपुर नगर के शीतला मंदिर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल पैरी उदमग भाठीगढ, गायत्री मंदिर हरदीभाठा, फुलझर भगवती मंदिर, मां बम्बलेश्वरी मंदिर, बाजाघाटी, तौरेंगा, उदंती मंदिर , कोयबा, गोहरापदर एंव क्षेत्र के सभी देवी मंदिरो में नवरात्र पर्व को लेकर जोरशोर से तैयारी किया जा रहा है।

### भाठीगढ़ पैरी उद्गम प्राकृति के कई रंग

*मैनपुर विकासखण्ड स्थित भाठीगढ़ के ख्याति पैरी नदी के उद्गम स्थल के रूप में पूर प्रदेश में जाना जाता है। इस हरे भरे वन क्षेत्र के हर कोने में प्रकृति की अद्भूत चित्रकारी दिखाई पड़ती है। यहां विभिन्न देवी देवताओं के अराधना स्थल है जो प्रमुख आस्था का केन्द्र है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किमी दूर पश्चिम दिशा में पैरी उद्गम भाठीगढ़ विद्यमान है यहां विशाल पहाड़ी के ऊपर से पत्थर के बीचो बीच पानी की धार निकल रहा है जिसे लोग पैरी उद्गम के रूप में जानते है। हजारो फीट ऊपर पहाड़ी में पैरी उद्गम स्थल है जहां नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु पुरे आस्था के साथ पहुंचते है और यहां पहुंचने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है इसलिए प्रदेश के कोने कोने से भाठीगढ़ पैरी उद्गम में नवरात्र के अवसर पर श्रद्धालु पहुंचते है यहां मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है और माता सेवा किया जाता है पहाड़ी के नीचे प्रमुख देवी स्थल माता बम्हनीन की मंदिर है साथ ही यहां माता दंतेश्वरी, मांता भाठीगढ़िन व विभिन्न देवी देवताओं का मंदिर है भाठीगढ़ में प्रसिद्ध महाकालेश्वर शिवमंदिर भी है जहां बारोह माह श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है और ये प्रमुख धार्मिक आस्था का केन्द्र है यहां राधाकृष्ण की भी मंदिर है भाठीगढ़ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल है।*

### पांचवीं के बच्चों को विदाई और न्योता भोज कराया

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह में कक्षा 5वीं के बच्चों का विदाई समारोह सह न्योता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा चौथी के बच्चों ने पांचवीं के बच्चों को विदाई स्वरूप पेन भेंटकर गुलाल से स्वागत किया। इस अवसर पर पर सरपंच आशकरण सोनवानी द्वारा बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी 5वी परीक्षा में प्रथम आने पर 1000, द्वितीय 700 एवं तृतीय 500 रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की। साथ ही शाला वर्ष में दो बार पंचायत की ओर से न्योता भोज कराने घोषणा किया। प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने शाला के संपूर्ण गतिविधि से अवगत कराया। शाला संबंधित आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मांग पत्र सौंपा। विधायक प्रतिनिधि मानिक राम सोनवानी एवं शाला विकास समिति के अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने भी बच्चों का उत्साहवर्धन किया। डा भगवती साहू ने भी बच्चों को सुभाषिश प्रदान कर पेन भेंट किया। बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया।

समक्ष श्रीमान पब्लिक नोटरी गरियाबंद जिला गरियाबंद (छ.ग.)
समक्ष श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी छुरा, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं **कृष्ण कुमार** उम्र 75 वर्ष **पिता मक्खीराम** जाति-मरार, निवासी ग्राम- अमेठी, तहसील- छुरा, जिला- गरियाबंद छ.ग. का हूँ, जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करता हूँः-

1. यह कि मै ऊपर लिखे उपरोक्त पते पर निवास करता हूँ।
2. यह कि मेरा वास्तविक नाम कृष्ण कुमार पिता मक्खीराम है तथा मेरे समस्त शैक्षणिक दस्तावेज एवं अन्य कागजात में मेरा यही नाम दर्ज है।
3. यह कि मेरे नाम पर आधार कार्ड बना है जिसका आधार कार्ड क्रमांक 79465409 0095 है जिसमें मेरा नाम **कुमार राम पिता मक्खीराम** दर्ज है। जो कि त्रुटिवश दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम **कृष्ण कुमार पिता मक्खी राम** है जिसे मैं उक्त आधार कार्ड में अपना वास्तविक नाम दर्ज करवाना चाहता हूँ ।
4. यह कि शपथ पत्र मेरे आधार कार्ड में मेरा वास्तविक नाम कृष्ण कुमार पिता मक्खी राम दर्ज करने के समर्थन में प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता
कृष्ण कुमार

// सत्यापनकर्ता //

मैं कृष्ण कुमार उम्र 75 वर्ष पिता मक्खीराम जाति मरार निवासी ग्राम अमेठी तहसील छुरा जिला गरियाबंद छ.ग. का हूँ, जो कि उपर लिखे कंडिका 01 से 04 तक में लिखी बाते मेरी जानकारी से सहीं एवं सत्य है इसलिए आज दिनांक 21.03.2025 को हस्ताक्षर कर सत्यापित किया ।

सत्यापनकर्ता
कृष्ण कुमार

**नक्सल प्रभावित क्षेत्र छोटेगोबरा पहुंचे पुलिस अधीक्षक राखेचा**

## एसपी ने लगाई चौपाल, जमीन पर बैठकर सुनी फरियादियों की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर





मैनपुर विकासखण्ड के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में गुरुवार को गरियाबंद के युवा पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा अपने टीम के साथ पहुंचकर ग्रामीणों के बीच में जमीन में बैठकर उनके समस्याओं को सूना और समस्याओं का समाधान करने की बात कही है। ग्रामीणों ने अपने बीच पुलिस अधीक्षक को पाकर काफी गदगद और खुश नजर आये। सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निलिख राखेचा अपने टीम के साथ घोर नक्सल प्रभावित ग्राम छोटे गोबरा व नवगांव (पथराझोरकी) के साथ आपपास गांव में ग्रामीणों के बीच बैठ कर उनकी समस्याएं सुनी। गांव के प्रमुखों, युवाओं एवं महिलाओं से बातचीत किए। बातचीत के दौरान वहां के लोगों के द्वारा मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, स्कूल, भवन आदि के संबंध में समस्या पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखे। पुलिस अधीक्षक के द्वारा संबंधित विभाग के प्रमुखों से बात कर शीघ्र मूलभूत सुविधा दिलाए जाने के संबंध में आश्वासन दिए। इस बीच पुलिस अधीक्षक एवं टीम के द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के समान विवरण किए। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर काफी प्रसन्न हुए। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान पामप्लेट वितरण किए। जिसमें शासन के आत्मसमर्पण निती के तहत जो नक्सली अपने परिवार एवं समाज से बिछड कर हिंसा को अपनाएं है। उनके लिए के एक संदेश है कि वे अपने और साथियों की तहर पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मूलभूत सुविधाओं का लाभ उठाते हुए अपने परिवार के साथ एक खुशहाल जिन्दगी बिता सकते है। आत्मसमर्पण करने से स्वरोजगार के लिए प्रप्रशिण की सुविधा, निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा, आवास की सुविधा, शासकीय नौकरी के साथ अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकता है। पुलिस कप्तान ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य सुदूर अंचल में मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपने परिवार के साथ जीवन व्यतित कर रहे है। उन सभी तक शासन के योजनाओं को पहुचा कर लाभ दिलाना है।

## खबर संक्षेप

### आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण का आयोजन 1 से

**महासमुंद।** जिले में 01 से 14 अप्रैल 2025 तक फेमेक्स कार्यक्रम 2025-26 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, गृह मंत्रालय, 03 वाहिनी, मुंडली कटक (ओडिशा) की टीम द्वारा किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम के तहत जिले के चिन्हित स्कूलों, समुदायों, ब्लॉक एवं पंचायत कार्यालयों में आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड सरायपाली में 01 अप्रैल से 03 अप्रैल तक, बसना में 04 अप्रैल से 05 अप्रैल, पिथौरा में 06 अप्रैल से 07 अप्रैल, बागबाहरा में 08 अप्रैल से 10 अप्रैल एवं विकासखंड महासमुंद में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। फेमेक्स कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए संबंधित अनुभागों के कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ कार्यालयों एवं संस्थानों में कार्यक्रम सुनिश्चित करें। साथ ही एनडीआरएफ की टीम के लिए ठहरने की उचित व्यवस्था तथा आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए हैं।

समारोह : जिले में मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह का हुआ आयोजन

# जिले में जल्द बनेगा नालंदा परिसर और आटोडेरियम : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

वन विभाग ऑक्सन हॉल में आज मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण पुरस्कार समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के शिक्षकों को सम्मान पत्र और 5,000 रुपए की नकद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक रोहित साहू ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और शिक्षकों को समाज का निर्माता बताते हुए उनकी भूमिका की सराहना की।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं, खासकर गरीब बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही गरियाबंद में नालंदा परिसर का निर्माण शुरू होगा, साथ ही एक आधुनिक ऑडिटोरियम और मिनी स्टेडियम भी बनाया जाएगा। इसके अलावा, क्षेत्र के विकास के लिए सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है, जिसमें 43 करोड़ रुपये की लागत से 3.50 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण होगा।



### क्षेत्र के विकास को देंगी नई दिशा

राजिम से छुरा तक दो लेन सड़क बनाने का प्रस्ताव भी विधानसभा में पारित हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए कई अन्य योजनाएं भी स्वीकृत की गई हैं, जो क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार, कलेक्टर दीपक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, नगरपालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगरपालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पार्षद सूरज सिन्हा, तरुण पप्पू ठाकुर और अमित बखरिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आज का यह सम्मान समारोह शिक्षकों के प्रति हमारी सरकार की कृतज्ञता और सम्मान का प्रतीक है। शिक्षक समाज को गढ़ने वाले शिल्पकार हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को दिशा देते हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। उनका विजन है कि हर बच्चा, खासकर गरीब और वंचित वर्ग के बच्चे, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करें। इसके लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे स्कूलों में आधारभूत संरचना का विकास, शिक्षकों की भर्ती और छात्रों के लिए प्रोत्साहन राशि। मुझे गर्व है कि गरियाबंद में भी इस दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं।

### बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों में मिलेगा लाभ

यहां जल्द ही नालंदा परिसर का निर्माण शुरू होगा, जो शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा। इसके साथ ही एक आधुनिक ऑडिटोरियम और मिनी स्टेडियम भी बनाया जाएगा, ताकि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी बेहतर सुविधाएं मिलें। मुख्यमंत्री जी की प्रेरणा से हम शिक्षा को सर्वसुलभ और समावेशी बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इसके अलावा, क्षेत्र के विकास के लिए 43 करोड़ रुपये की लागत से 3.50 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण और राजिम से छुरा तक दो लेन सड़क का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसे विधानसभा में पारित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी का सपना है कि छत्तीसगढ़ शिक्षा और विकास के मामले में देश में अग्रणी राज्य बने। उनकी योजनाओं और मार्गदर्शन से राजिम विधानसभा को न केवल शिक्षा के क्षेत्र में, बल्कि बुनियादी ढांचे और रोजगार के अवसरों में भी लाभ मिलेगा। आने वाले समय में और भी कई परियोजनाएं इस क्षेत्र में शुरू होंगी, जो समृद्धि और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेंगी।

# सरकड़ा में तालाब घाट की युवाओं ने की सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायत सरकड़ा में सरपंच अमित मनोज यादव के नेतृत्व में तालाब की निर्मला घाट पर सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता का अमृत महोत्सव के अंतर्गत तालाब घाट की सफाई की गई। सरपंच प्रतिनिधि मनोज यदू, पंच, युवाओं तालाब के पचरी घाट तालाब में तीन घंटे तक साफ-सफाई कर तालाब के पचरी की सफाई की। इस जल संरक्षण अभियान में गांव के सरपंच, छात्र युवा मंच, ग्रामवासी की टोली सहित गांव के युवाओं ने एकजुट होकर श्रमदान किया। घाट पर फैले कचरे को दूर किनारे पर फेंका और जलाने योग्य कचरे को जलाया। पचरी घाट को तालाब के पानी से धोया गया। उन्होंने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया कहा की सफाई अभियान का हर कोई हिस्सा बन सकता है।



# करकरा में मानसगान सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

ग्राम करकरा में कोसरिया मरार पटेल समाज एवं समस्त ग्रामवासीयों की सहयोग से दो दिवसीय संगीतमय मानसगान व्याख्यान सम्मेलन का आयोजन 25 मार्च शाम 4 बजे से शुभारंभ हुआ।

वहीं भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। रात्रि 8 बजे लव निमेश मानस परिवार रायपुर ने सुंदर प्रस्तुति दी। दूसरे दिन 26 मार्च को ख्याति प्राप्त मंडलियां ने प्रस्तुति दी। जिसमें श्रीरामचरितमानस का गान हमें सत्य, धर्म, कर्तव्य, प्रेम, त्याग और मर्यादा जैसे मूल्यों की शिक्षा देता है, जो जीवन को बेहतर बनाने और एक आदर्श समाज की स्थापना में सहायक हैं। वहीं मानस गान श्रवण करने आस पास के ग्रामीण श्रध्दालु बड़ी संख्या में शामिल होकर राम नाम रुप रसपान कर रहे हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के पूर्व जनपद सदस्य प्रहलाद यदू कृषि सभापति, पंकज निर्मालकर जनपद सदस्य, सोमन यदू, सरपंच बहुरसिंग दीवान, उप सरपंच बहादुर यादव आदि जनप्रतिनिधि सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के 4 बच्चों का नवोदय में चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ अब तक नवोदय में 16, सैनिक स्कूल में 10 बच्चे चयनित

इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थीयों ने एक बार फिर से नवोदय परीक्षा में एक- दो नहीं बल्कि चार विद्यार्थीयों ने अपना स्थान सुनिश्चित किया है। नयोदय परीक्षा में कामयाबी पाने का इतिहास इंडियन पब्लिक हाई स्कूल के विद्यार्थीयों के लिए हमेशा से स्वर्णिम ही रहा है। सत्र 2018-19 से लेकर सत्र 2024-25 तक कुल 16 विद्यार्थीयों का चयन हुआ है। इसके अलावा तकरीबन 10 विद्यार्थीयों ने सैनिक स्कूल परीक्षा और प्रयास स्कूल परीक्षा जैसे अन्य प्रतिस्पर्धक परीक्षा उत्तीर्ण की है।

इस सत्र जिन्होंने अपनी ख्याति से पूरे स्कूल का नाम रोशन किया है उनमें तमन्ना कंवर पिता नरेंद्र कुमार कंवर, रिया भोई पिता लोकनाथ भोई, अभ्युदय शुक्ला पिता ईश्वर प्रसाद शुक्ला, सुजल सेन पिता चंद्रशेखर सेन है। विद्यार्थीयों की इस कामयाबी पर सभी पालकगणों ने बच्चों को बधाई दी है। विद्यार्थीयों की इस उपलब्धि पे चारो तरफ से बधाईयों दी है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने भी विद्यार्थीयों की कामयाबी पर हर्ष जाहिर किया है। जिनमें लेखराज ध्रुवा अध्यक्ष, लेखनारायण सोनी उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार साहू अध्यक्ष, चित्ररेखा ध्रुव, उपाध्यक्ष प्रीती सेन अध्यक्ष) एवं डिगेश कुमार साहू उपाध्यक्ष प्रमुख है। साथ ही विद्यालय परिवार से प्रीतम साहू संस्था प्रमुख, रेवेंद्र दीक्षित प्राचार्य, प्राची साहू विद्यालय प्रबंधक, नंदेश्वरी साहू, सोनिया सोनी, मंगला राजपूत, हेमलता पटेल, मनोज साहू, यमुना नेताम, टिकेश्वरी रात्रे, पद्मनी साहू, प्रेरणा साहू, दिशा साहू, रागिनी यादव, शिल्पा चौबे, बिरेंद्र साहू, कीर्ति पटेल, ऊषा यादव, भारती यादव, शैलेंदी साहू, जयप्रभा साहू, रुखसार बानो, मोनिका यादव, डिगेश बघेल एवं समस्त विद्यालय परिवार ने विद्यार्थीयों की इस सफलता पर खुशी जाहिर की है, और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## लिलेश साहू का नवोदय में चयन




**छुईहा बेलर।** शासकीय प्राथमिक साला चरभट्टी लिलेश साहू का नवोदय विद्यालय पाण्डुका के लिए प्रवेश चयन हुआ है। राजिम विधायक रोहित साहू उनके घर पहूंचकर उस बालक का उत्साह बढ़ाया और उज्जवल भविष्य कामना करते सरपंच राजेंद्र साहू, उपसरपंच थानेश्वर साहू,जीवन साहू, शिक्षक स्टाप ने शुभकामनाएं दी।

# विभा सिन्हा का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**फिंगेश्वर।** जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं प्रवेश परीक्षा 2024-25 का रिजल्ट घोषित हुआ। जिसमें बोरिद की छात्र कुमारी विभा सिन्हा पिता घना राम सिन्हा का चयन नवोदय विद्यालय पांडुका के लिए हुआ है। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य बोरिद पीएस ध्रुव, संकुल समन्वयक दिनेश कुमार सोनी, प्रधान पाठक लीला राम साहू, शिक्षक हितेन्द्र यदु, पुष्पा खूंटे, रामेश्वरी ध्रुव, पार्वती तांडी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष टीकेश्वर साहू, सदस्य नरेन्द्र साहू, सोहन साहू, गोपाल सिन्हा, रोशन सोनकर, ईश्वर यदु मीना ध्रुव, उषा साहू, उगेश्वरी साहू, सुमित्र ध्रुव, यशवंत यादव आदि ने उक्त छात्र से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# चांदा दाई शक्ति स्थल में होगी ज्योति प्रज्ज्वलित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में गोंडवाना के ऐतिहासिक गढ़ किला जय चांदा प्रतिवर्ष कि भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र में गोंडवाना के ऐतिहासिक गढ़ किला जय चांदा दाई प्राचीन गोंड़ गुफा शक्ति स्थल में परम्परागत रुप से गोंडी रिती नीति संस्कृति आधारित पूजा अर्चना कर मनोकामना ज्योति प्रज्वलित कि जाएगी। 30 मार्च को नवरात्र का प्रारंभ होगा, जिसमें 3 अप्रैल को पंचमी, 6 अप्रैल को अष्टमी व 7 अप्रैल को सरोवर स्नान एवं समापन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। ज्योति राशि 801 रुपए समिति द्वारा तय कि गई है। पिछले वर्ष 251 ज्योति प्रज्वलित किया गया था, पर इस वर्ष चांदा दाई व गुफा दर्शन करनें वालों कि संख्या बढ़ेगी। जिससे हजार से अधिक मनोकामना ज्योति जलनें कि उम्मीद हैं। इस बार भी समिति के अध्यक्ष व पुजारी मंगतु जगत के माध्यम से नवरात्रि का पूजा कार्य पूर्ण किया जाएगा।

■ 30 मार्च को नवरात्र का प्रारंभ, 3 को पंचमी

### पिछले वर्ष हुआ 251 ज्योति प्रज्ज्वलित

30 मार्च को नवरात्र का प्रारंभ होगा, जिसमें 3 अप्रैल को पंचमी, 6 अप्रैल को अष्टमी व 7 अप्रैल को सरोवर स्नान एवं समापन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। ज्योति राशि 801 रुपए समिति द्वारा तय कि गई है। पिछले वर्ष 251 ज्योति प्रज्वलित किया गया था, पर इस वर्ष चांदा दाई व गुफा दर्शन करनें वालों कि संख्या बढ़ेगी। जिससे हजार से अधिक मनोकामना ज्योति जलनें कि उम्मीद हैं। इस बार भी समिति के अध्यक्ष व पुजारी मंगतु जगत जी के माध्यम से नवरात्रि का पूजा कार्य पूर्ण किया जाएगा।

### बाहरी लोगों पर प्रवेश पर लगा दिया था प्रतिबंध

पिछले वर्ष बाघ देखें जानें पर बलौदा बाजार कलेक्टर ने बाघ विचरण क्षेत्र के सात गांव रवान, मोहंदा, कौहाबाहरा, मुरुमडीह, छतालडबरा, गजराडीह, दलदली में बाघ कि सुरक्षा व शांति बनाए रखने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत धारा 144(1) एवं (2) के तहत प्रदत अधिकारों का प्रयोग करतें हुए बाहरी लोगों के प्रवेश पर पुर्णतः प्रतिबंध लगा दिया था। जिससे छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ उड़ीसा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश के श्रद्धालु दर्शन व आस्था प्रकट नहीं कर पाए। फिर भी वन विभाग के सहायक वन संरक्षक श्री आनंद कुदरिया के मार्गदर्शन में समिति के सदस्यों को विभागीय वाहन से वन मार्ग चांदा दाई मार्ग से गुफा तक सुरक्षित आने जाने कि विशेष सुविधा उपलब्ध कराया गया था। व अपनें विभाग के कर्मचारियों को भी सहयोग व सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। शासन प्रशासन के सहयोग से ही यहां मनोकामना ज्योति प्रज्वलित एवं पूजा अर्चना किया जाना संभव हो पाया। साथ ही वन विभाग के द्वारा गुफा तक पहुंचने के लिए मार्ग का सर्वेक्षण भी किया गया था, ताकि सीढ़ी बनाकर श्रद्धालु आसानी से चांदा दाई के गुफा का दर्शन कर सकें।

# खुटेरी पंचायत में पूर्व सरपंच व पंच का किया गया सम्मान



**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत खुटेरी में वर्तमान सरपंच बेनी शंकर साहू ने इस पंचायत के पूर्व सरपंच एवं पंच का सम्मान बुधवार को किया गया। सम्मान पाने वालों में सरपंच लक्ष्मी साहू, पंच छबी सम निषाद, नूतन साहू, वेद प्रकाश नागरची, लेखी साहूकार, कमला बाई निषाद, फुलेश्वरी निषाद, उषा बाई साहू, मनहरण राम सेन, भागवत राम साहू, अनिता बाई साहू, भारती साहू, ओमलता साहू, डुमेश्वर निषाद है। इस मौके पर वर्तमान सरपंच बेनी शंकर साहू, उपसरपंच डालू निषाद, समाजिक कार्यकर्ता दूष्यंत साहू, पंच खिलेश्वर निषाद, शंकर विश्वकर्मा ग्राम पटेल, बलराम सेन, नीलकंठ निषाद, फट्टे निषाद, राजाराम निषाद रिखी निषाद रामसिंग निषाद हुमेश्वर निषाद उपस्थित थे।

# हर्षित मिरी का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**राजिम।** जवाहर नवोदय विद्यालय का कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित हुआ है। जिसमें राजिम तहसील के ग्राम बकली से जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिसमें कक्षा पांचवी के छात्र हर्षित मीरी निवासी बकली तहसील राजिम में शहरी क्षेत्र अनुसूचित जाति वर्ग में छात्र हर्षित पिता हरिशचंद मिरी व्याख्याता माता नीलेश्वरी मिरी व्याख्याता निवासी बकली राजिम ने शेड्यूल कॉस्ट शहरी क्षेत्र से जिले में तृतीय स्थान और राजिम तहसील में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिले में कुल 80 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।

# हुमेश्वरी ढीढी का नवोदय में चयन



**छुईहा बेलर।** हुमेश्वरी ढीढी शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डेल का नवोदय विद्यालय पाण्डुका के लिए चयन हुआ है। छात्रा के पिता दीनबंधु ढीढी, माता दुलेश्वरी ढीढी ने कहा की संस्था के प्रधान पाठक सरिता गायकवाड़, शिक्षक नरेन्द्र कंवर, सन्तोष वर्मा, आशा राम रजक, जमुना ध्रुव, दीपा साहू द्वारा बेहतर शिक्षण प्रदान करने का यह परिणाम है। इनका श्रेय इन शिक्षकों को जाता है। शिक्षक आशाकांत रजक ने बताया कि छात्रा हुमेश्वरी शुरू मेधावी छात्र हैं। इनकी सफलता से स्कूल स्टाप, ग्रामवासियों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# नवनिर्मित हाट बाजार में व्यापारियों को नहीं होगी समस्या : रूपादेवी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

■ रसेला में नाबार्ड योजना के तहत बने हाट बाजार का हुआ उद्घाटन



ग्राम पंचायत रसेला में नाबार्ड योजना के अंतर्गत नवनिर्मित ग्रामीण हाट बाजार का शुभारंभ नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ. ज्ञानेंद्र मणि द्वारा किया गया। ग्राम रसेला में नाबार्ड के सहयोग से पक्का मार्केट शेड का निर्माण किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सर्व सुविधा युक्त बाजार उपलब्ध कराना है, ताकि ग्रामीण अपने उत्पादों को बाजार में आसानी से छोड़ सकें और उनके मूल्य प्राप्त कर सकें। ग्रामीण उत्पादों के साथ-साथ वनोपज को भी बाजार में बेच दिया गया। उदधाटन कार्यक्रम के बाद नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने उपस्थित लोगों से कहा कि आपके ग्रामों में बहुत सुंदर ग्रामीण बाजार बाजार तैयार है अब यहां बाजार में आने वाले व्यापारियों को दिनों में अपने व्यापार करने में कोई आम बात नहीं है अब इसकी कंपनी की जिम्मेदारी आपकी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत रसेला के सरपंच रूपादेवी ठाकुर ने नाबार्ड के अधिकारियों का साझीदार बनकर कहा कि गांव के लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को पूरा करने में हाट बाजार की अतिमहत्वपूर्ण भूमिका है। भारत के गांवों की आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के लिए हाट बाजार में हिस्सेदारी की कोई शर्त नहीं है। प्रमुख रूप से रूपा देवी ठाकुर सरपंच ग्राम पंचायत रसेला, बिगेंद्र ठाकुर पूर्व सरपंच, लोकराम ग्राम पटेल, डी. आर. यादव ग्राम प्रमुख, कमलेश्वर नायक, भावसिंग मरकाम, नंदूदास मानिकपुरी, रामेश्वर सिन्हा सहित पंचगण और ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र गरियाबंद
जिला के अन्तर्गत सुरसाबांधा
में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में
लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.), मो.: 8370049468

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 25 मई से 02 जून 2025, 04 जून से 12 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411